रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127 REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 137] नई दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 9, 1991/आषाढ़ 18, 1913
No. 137] NEW DELHI, TUESDAY, JULY 9, 1991/ASADHA 18, 1913

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मंत्रालय

(आयात व्यापार नियंत्रण)

सार्वजनिक सूचना सं. 175-आईटीसी (पी एन)/90—93

नई दिल्ली, दिनांक 9 जुलाई, 1991

विषय :—जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि द्वारा विस्तारित 0.171 बिलियन के ऋण सं. आई डी पी-70, दिनांक 27-3-90 के तहत कोलाघाट थर्मल पावर स्टेशन फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन प्रोजेक्ट (इंजीनियरिंग सर्विसेज) के क्रियान्वयन के लिये उपकरणों तथा सेवाओं के आयात के संबंध में लाइसेंसिंग शर्तें।

फाइल सं. आई पी सी/23 (76)/90—93 :—जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि, द्वारा विस्तारित 0.171 बिलियन के ऋण सं. आई डी पी-70 दिनांक 27-3-90 के अन्तर्गत कोलाघाट थर्मल पावर स्टेशन फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन प्रोजेक्ट (इंजीनियरिंग सर्विसेज) के क्रियान्वयन के लिये उपकरणों तथा सेवाओं के आयात को शामिल करने वाली शर्तें, जो इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट में दी गई हैं, सूचना के लिये अधिसूचित की जाती है।

डी.आर. मेहता, मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात

वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं. 175-आई टी सी (पी एन)/90—93, दिनांक 9 जुलाई, 91 का परिशिष्ट।

जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा विस्तारित 0.171 बिलियन के ऋण सं. आई डी पी-70 दिनांक 27-3-1990 के अन्तर्गत कोलाघाट थर्मल पावर स्टेशन फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन प्रोजेक्ट (इंजीनियरिंग सर्विसेज) के क्रियान्वयन के लिये उपस्कर और सेवाओं के आयात के सम्बन्ध में लाइसेंसिंग शर्तें।

खण्ड-1 सामान्य शर्तें

1(1) कोलाघाट थर्मल पावर स्टेशन फ्लाई ऐश प्रोजेक्ट (इंजीनियरिंग सर्विसेज) की आयात आवश्यकता तथा कार्यान्वयन के वित्तपोषण के लिये जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) द्वारा प्रदान किये गये 0.171 बिलियन येन का ऋण जापान और विकासशील देशों जिनमें भारत और (ओ ई सी एफ) के सभी सदस्य देश शामिल हैं, के लिये खुला है। तदनुसार, इस क्रेडिट के अधीन अधिप्राप्त की जाने वाली वस्तुएं और सेवाएं जापान और अनुबन्ध-1 की सूची में उद्धृत सभी देशों से आयात की जा सकती है। ये देश इस ऋण के अन्तर्गत पात्र स्रोत देश होंगे।

1(2) क्रेडिट के अधीन केवल उन्हीं मदों और उसी मूल्य के लिये लाइसेंस जारी किये जा सकते हैं जिनके लिये महानिदेशालय, तकनीकी विकास/पूंजीगत माल समिति द्वारा विशेष रूप से निकासी कर दी गई हो। इस क्रेडिट के अधीन जारी किये गये आयात लाइसेंस का मूल्य 0.188 बिलियन येन (लागत बीमा भाड़ा) से अधिक नहीं होना चाहिये।

आयात लाइसेंस का रुपये में मूल्य राजस्व विभाग (सीमाशुल्क) द्वारा अधिसूचित विनिमय दर और आयात लाइसेंस जारी करने की तिथि को प्रचलित दर और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना सं. 78-आई टी सी(पी एन)/74, दिनांक 6 जून, 1974 के पैरा-2 के अनुसार आयात लाइसेंस में संकेतिक दर पर निर्धारित किया जायेगा, जिसमें यह उल्लेख होगा कि सीमाशुल्क प्राधिकारी और विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी आयात लाइसेंस (सों) में विनिर्दिष्ट मुद्रा विनिमय दर पर मूल्य को लाइसेंस मूल्य के नामे डालेगा। लाइसेंस पर एक शीर्षक "जापानी येन ऋण सं. आई डी पी-70" होगा। प्रथम और द्वितीय प्रत्यय के लिये लाइसेंस में "एस/जे सी" होगा। यह कोड पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लि. को लाइसेंस भेजते समय मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के पत्र में भी दुहराया जायेगा। जिसकी एक प्रति वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को पृष्ठांकित की जानी चाहिये।

1(3) पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लि. के पक्ष में आयात लाइसेंस केवल लागत बीमा-भाड़ा के आधार पर ही जारी किये जा सकते हैं।

1(4) आयातक की सुविधा पर निर्भर करते हुए एक से अधिक आयात लाइसेंस इस क्रेडिट के अधीन जारी किये जा सकते हैं। लेकिन कुल मूल्य 1.188 बिलियन (लागत बीमा भाड़ा) येन से अधिक नहीं होना चाहिये जैसा कि ऊपर पैरा(2) में कहा गया है।

1(5) आयातक द्वारा आवेदन करने पर आयात लाइसेंस की वैधता को 2 महीने की और अवधि के लिये बढ़ाया जा सकता है। आयात लाइसेंस की अवधि आगे और बढ़ाने/नया आयात लाइसेंस जारी करने के लिये यदि कोई आवेदन हो तो उसे आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को भेजा जाना चाहिये।

1(6) क्रेडिट के अधीन वित्तपोषित किये जाने वाले आयात, आयात लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा विधिवत् सत्यापित संलग्न माल और सेवाओं की सूची तक प्रतिबंधित है।

1(7) विदेशी मुद्रा के किसी भी परेषण की अनुमति आयात लाइसेंस के मद्दे नहीं दी जायेगी। भारतीय अभिकर्त्ता को कमीशन के रूप में कोई भी भुगतान भारत में भारतीय अभिकर्ता को भारतीय रुपये में किया जाना चाहिये। लेकिन ऐसे भुगतान लाइसेंस मूल्य के ही भाग होंगे और लाइसेंस पर ही प्रभारित किये जायेंगे।

1(8) पक्के आदेश अनुबन्ध- 1 में उल्लिखित देशों में स्थित विदेशी संभरक का जहाज पर्यन्त निःशुल्क लागत-बीमा-भाड़ा लागत और भाड़ा मूल्य के आधार पर दिये जाने चाहिये और वे आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से 4 महीनों की अवधि के भीतर आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को भेज दिये जाने चाहिये। बीमा प्रभार का भुगतान भारतीय रुपये में भारत में देय होगा। "पक्के आदेशों" का अर्थ भारतीय लाइसेंसधारी द्वारा दिये गये उन आदेशों से है जो विदेशी संभरक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित हों या भारतीय आयातक और विदेशी संभरक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित क्रय संविदा हो। विदेशी संभरकों द्वारा भारतीय अभिकर्त्ताओं को दिये गये आदेश और/या भारतीय अभिकर्त्ताओं द्वारा पुष्टिकरण आदेश स्वीकार्य नहीं हैं।

1(9) चार महीनों की अवधि के भीतर ठेकों की इस शर्त का तब तक अनुपालन किया गया नहीं समझा जायेगा जब तक कि ठेके के पूर्ण दस्तावेज आयात लाइसेंस जारी होने की तिथि से चार महीने के भीतर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) को नहीं पहुंच जाते हैं। यदि उपर्युक्त पैरा 1(8) में यथा उल्लिखित पक्के आदेश चार महीनों के भीतर वैध कारणों से नहीं दिये जा सकते हैं तो चार महीनों के भीतर आदेश क्यों नहीं दिये जा सकते इन कारणों का उल्लेख करते हुए लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस को संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत कर देना चाहिये। आदेश देने की अवधि में वृद्धि के लिये ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जायेगा। वे अधिक से अधिक चार महीनों की और अवधि के लिये वृद्धि प्रदान कर सकते हैं। लेकिन यदि वृद्धि इस लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 8 महीनों से अधिक के लिये मांगी जाती है तो ऐसे प्रस्ताव निरपवाद रूप से लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग), नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जायेंगे जो कि ऐसी वृद्धि के लिये प्रत्येक मामले की पात्रता के आधार पर विचार करेंगे और अपना निर्णय लाइसेंस प्राधिकारियों को भेजेंगे जिसका वे लाइसेंसधारी को प्रेषित करेंगे। लाइसेंसधारी द्वारा लाइसेंस प्राधिकारियों से ऐसी वृद्धि प्राप्त करने वाला एक पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्राधिकृत व्यापारी और विभागीय पदाधिकारी आयात लाइसेंस के अधीन किये गये संभरण ठेकों को पूर्ण करने के संबंध में साखपत्र स्थापित करने के लिये प्राधिकार पत्र और तुल्य रुपया जमा करने आदि की स्वीकृति आदि की सुविधाओं की अनुमति देंगे।

1(10) आयात लाइसेंस की समाप्ति से चार महीने के भीतर सभी भुगतान पूर्ण कर देने चाहिये। माल के पोतलदान पर अलग-अलग भुगतानों की व्यवस्था होनी चाहिए। ठेके में नकद आधार पर अर्थात् पोतलदान दस्तावेजों के प्रस्तुत करने पर भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिये। विदेशी संभरक से भारतीय आयातक को किसी भी किस्म की ऋण सुविधा उपलब्ध करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। माल के वितरण की अवधि के लिये ठेके में निम्नलिखित व्यवस्था होनी चाहिए :—

"साखपत्र की प्राप्ति के बाद————————महीने परन्तु अधिक से अधिक————————के अन्त तक पूर्ण किया जाना है।"

पोतलदान के लिये आखिरी तिथि निश्चित करने में इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि वह तिथि 31-12-1992 के बाद की न हो।

खण्ड-2 : संभरण ठेके का समझौता करते समय ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें।

2(1) ठेके का जहाज पर्यन्त निःशुल्क लागत बीमा भाड़ा मूल्य येन में (येन की भिन्न के बिना) अभिव्यक्त होना चाहिये और इसमें भारतीय रुपये में चुकाये जाने वाले भारतीय अभिकर्त्ता के कमीशन को यदि कोई हो, शामिल नहीं करना चाहिये।

संविदा का मूल्य किसी भी हालत में भारतीय रुपये या किसी अन्य करेंसी में अभिव्यक्त नहीं होना चाहिये। क्रय आदेश और संभरक द्वारा पुष्टिकरण आदेश केवल अंग्रेजी में होना चाहिये।

2(2) ऋण की रकम से वित्त पोषित किये जाने वाले सभी माल और सेवाओं की अभिप्राप्ति मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार निम्नलिखित अनुपूरक शर्तों पर की जायेगी :—

(क) कम से कम 500 मिलियन येन के अनुमानित मूल्य के माल और सेवाओं की अभिप्राप्ति के मामले में :—

(1) यदि पूर्व अर्हता सहित औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा से भिन्न अभिप्राप्ति कियाविधि अपनाने का प्रस्ताव है तो अभिप्राप्ति की पद्धति के अनुमोदन के लिये ओ.ई.सी.एफ. को आवेदन पत्र प्रस्तुत करके उससे पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

(2) सफल बोलीकार को निर्णय का नोटिस जारी करने से पहले बोली मूल्यांकन रिपोर्ट सहित निर्णय के अनुमोदन के लिये आवेदन पत्र ओ ई सी एफ को प्रस्तुत किया जायेगा। निर्णय और बोली मूल्यांकन के अनुमोदन के लिये उपर्युक्त आवेदन पत्र के साथ-साथ अर्हता-पूर्व मूल्यांकन रिपोर्ट, बोलीकारों के लिये सूचनायें तथा अनुदेश, बोली प्रपत्र, प्रस्तावित संविदा विनिर्देश तथा आरेख और बोली से संबंधित अन्य दस्तावेज भी ओ ई सी एफ को पुनरीक्षा के लिये प्रस्तुत किये जायेंगे।

(ख) 500 मिलियन येन से कम अनुमानित मूल्य के माल और और सेवाओं की अधिप्राप्ति के मामले में संविदा के निर्णय के लिये ओ ई सी एफ के पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता इस शर्त पर नहीं है कि निविदा लाट तर्कपूर्ण ढंग से विभाजित हैं। तथापि, यदि ओ ई सी एफ अनुरोध करें तो उसे निविदा मूल्यांकन रिपोर्ट आदि पुनरीक्षा के लिये प्रस्तुत की जायेंगी।

(ग) आयातक ओ ई सी एफ के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये उपर्युक्त (क) (1), (क) (2), और (ख) में उल्लिखित आवेदन पत्र/दस्तावेज आर्थिक कार्य विभाग को दो प्रतियों में प्रस्तुत करेगा।

2(3) विदेशी संभरक को भुगतान, उनके नाम में भारतीय बैंक, टोकियो द्वारा 1989-90 के लिये ओ ई सी एफ येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) सं. आई डी पी 70 के अधीन खोले गये अपरिवर्तनीय साखपत्र के माध्यम से किया जाना चाहिये जिसका ब्योरा नीचे खण्ड-7 में दिया गया है।

2(4) संभरक की पात्रता

संभरक पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिक या पात्र स्रोत देशों में शामिल किये गये तथा पंजीकृत किये गये और पात्र स्रोत देशों के राष्ट्रिकों द्वारा शासित वैध व्यक्ति होंगे।

2(5) अपात्र स्रोत देशों के अनुमेय आयात

जिन वस्तुओं में अपात्र स्रोत देशों में बनी हुई सामग्री निहित है उसका विस्तदन किया जा सकता है बशर्ते कि निम्नलिखित सूत्र के अनुसार ऐसे उत्पाद की प्रति यूनिट का मूल्य मदवार आधार पर आयातित भाग के 50 प्रतिशत से कम हो :—

$$\frac{\text{आयातित लागत बीमा भाड़ा मूल्य} + \text{आयात शुल्क} \times 100}{\text{संभरक का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य}}$$

(भारतीय संभरकों के संबंध में एक्स फैक्टरी मूल्य अपनाया जायेगा)

2(6) संविदा में घोषणा

प्रत्येक संविदा में संभरक द्वारा माल एवं संभरक की पात्रता और संभरक के हस्ताक्षर और तारीख से निम्नलिखित घोषणा जोड़ी जायेगी :—

"मैं अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि संभरित किया जाने वाला माल————————(संबंधित पात्र स्रोत देश का नाम) में उत्पादित है।"

"मैं अधोहस्ताक्षरी आगे यह प्रमाणित करता हूं कि मेरी पूरी जानकारी और विश्वास के अनुसार अपात्र स्रोत देशों से आयातित भाग निम्नलिखित सूत्र के अनुसार 50 प्रतिशत से कम है :—

$$\frac{\text{आयातित लागत बीमा भाड़ा मूल्य} + \text{आयात शुल्क} \times 100}{\text{संभरक का जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य}}$$

(जहां एक्स फैक्टरी मूल्य लागू हो)

मैं, अधोहस्ताक्षरी, एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि (कम्पनी का नाम)————————और (पात्र स्रोत देश का नाम)————————में पंजीकृत समाविष्ट हो चुकी है और (संबंधित पात्र स्रोत देश का नाम) के राष्ट्रिकों द्वारा नियंत्रित है।

खण्ड-3 संभरक ठेकों में समाविष्ट की जाने वाली शर्तें

3(1) संभरण ठेकों में निम्नलिखित प्रावधान विशेष रूप में समाविष्ट होने चाहियें :—

(क) ठेके की व्यवस्था भारत सरकार और जापान की विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) के बीच कोलाघाट थर्मल पावर स्टेशन फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन प्रोजेक्ट (इंजीनियरी सर्विसेज) के लिये येन क्रेडिट सं. आई डी पी 70 (परियोजना सहायता) के अन्तर्गत 27 मार्च, 1990 को हुए ऋण समझौते के अनुसार होनी चाहिये।

(ख) संभरकों को भुगतान, भारत सरकार और जापानी विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) के बीच येन क्रेडिट सं. आई डी पी-70 से संबंधित 27 मार्च, 1990 को हुए ऋण समझौते के अन्तर्गत बैंक आफ इंडिया टोकियो द्वारा जारी किये जाने वाले अपरिवर्तनीय साखपत्र के माध्यम से किये जाएंगे।

(ग) संभरक ऐसी सूचना और दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिये सहमत होगा जो एक ओर भारत सरकार द्वारा और दूसरी ओर ओ ई सी एफ द्वारा येन ऋण के अधीन अपेक्षित हों।

(घ) 2(7) में उल्लिखित प्रपत्र में प्रमाणपत्र (तीन प्रतियों में)।

(ङ) यदि किसी मामले में संभरक जापान में स्थित हो तो संभरक संविदा में एक धारा होनी चाहिये कि जापानी संभरक भारतीय दूतावास टोकियो के परामर्श पर पोत परिवहन व्यवस्था करने के लिये सहमत हो और इस उद्देश्य के लिये वह भारतीय दूतावास टोकियो को, शामिल माल की सुपुर्दगी के कार्यक्रम से अवगत करायेगा और पोतलदान से कम से कम 6 सप्ताह पूर्व भारतीय दूतावास को सूचना देगा जिससे कि उचित व्यवस्था हो सके। विशेष मामलों में, जहां भारतीय आयातक इच्छुक हो, सूचना की इस अवधि को कम किया जा सकता है। जापानी संभरक को प्रत्येक पोतलदान के पश्चात् आवश्यक ब्यौरे देते हुए तार से सूचना भेजने के लिये सहमत होना चाहिये और उसकी एक प्रति भारतीय दूतावास, टोकियो को भेजी जानी चाहिये।

खण्ड-4 ओ ई सी एफ द्वारा ठेके की पुनरीक्षण

(1) लाईसेंसधारी को पक्के आदेश देने के लिये निर्धारित अवधि के भीतर आयातक और विदेशी संभरकों दोनों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित ठेके की 4 प्रतियां जो विदेशी संभरकों द्वारा लिखित में पुष्टि आदेश के साथ हों या उनकी हर प्रकार से पूर्ण फोटो प्रतियां संगत और वैध आयात लाइसेंस की दो फोटो प्रतियों सहित और अनुबंध-2 के प्रपत्र में "प्राधिकार पत्र जारी करने के लिये आवेदन" की दो प्रतियां आर्थिक कार्य विभाग को भेजनी चाहिये।

4(2) उपर्युक्त क्रियाविधि ठेकों की विषय वस्तु या उनकी कीमतों में होने वाले ऐसे सभी संशोधनों पर भी लागू हो जिनके कारण अनिवार्य रूप से आशोधन करने पड़ें।

4(3) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) ठेके की एक प्रति के साथ ठेके के निर्णय का नोटिस ओ ई सी एफ को समीक्षा के लिये भेजेगा। ठेके के निर्णय के नोटिस और ठेके की एक-एक प्रति आर्थिक कार्य विभाग भारतीय दूतावास, टोकियो को और आयात लाइसेंस की फोटो कापी और "प्राधिकार पत्र जारी करने के लिये आवेदन" की एक प्रति के साथ सी. ए. ए. एण्ड ए. के कार्यालय को भेजेगा।

खण्ड-5 विदेशी संभरकों को भुगतान-साख पत्र क्रियाविधि

5(1) वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग से ठेके के निर्णय का नोटिस, और ठेके के दस्तावेज प्राप्त होने पर सहायता लेखा तथा लेखा

परीक्षा नियंत्रक बैंक आफ इंडिया को टोकियो शाखा को सम्बोधित संलग्न अनुबन्ध-3 में दिये गये प्रपत्र में एक प्राधिकार पत्र जारी करेगा जिसमें बैंक आफ इंडिया को टोकियो शाखा सम्बद्ध विदेशी संभरक के नाम में संलग्न अनुबन्ध-4 (आयातों के लिये) के प्रपत्र में या अनुबन्ध-5 (सेवाओं के लिये) के प्रपत्र में एक अपरिवर्तनीय साखपत्र खोलेगा। प्राधिकार पत्र की प्रतियां ओ ई सी एफ भारतीय दूतावास, टोकियो भारत में आयातक के बैंक, आर्थिक कार्य विभाग (जापान अनुभाग) वित्त मंत्रालय को पृष्ठांकित की जायेगी।

5(2) प्राधिकार पत्र मिलने पर भारतीय बैंक, टोकियो अनुबन्ध-4 आयातों के लिये लागू होता है) या अनुबन्ध-5 (सेवाओं के लिये लागू होता है) के अनुसार संबंधित विदेशी संभरकों के नाम में अपरिवर्तनीय साखपत्र की स्थापना करेगा और उसकी एक प्रति विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ ई सी एफ) भारतीय दूतावास, टोकियो, भारत में आयातक के बैंक और सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को भी भेजेगा।

सी.ए.ए. एण्ड ए. में प्राधिकार पत्र के आधार पर साखपत्र खोलने के लिए उपर्युक्त क्रियाविधि संविदा संशोधन या अन्यथा के लिए आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे सभी प्राधिकार पत्र/साखपत्रों के संशोधन पर स्वतः लागू होगी।

5(3) माल का पोतलादन कराने के बाद विदेशी संभरक अपने बैंकरों के माध्यम से साखपत्र में उल्लिखित दस्तावेज भुगतान के लिये बैंक आफ इंडिया टोकियो को प्रस्तुत करेगा। दस्तावेज दुरुस्त होने पर बैंक आफ इंडिया, टोकियो दस्तावेजों में उल्लिखित धनराशि को विदेशी संभरक को उसके बैंकरों के माध्यम से जारी करेगा और उसके बाद आयातों की लागत की धनराशि की प्रतिपूर्ति विदेशी आर्थिक सहयोग निधि से प्राप्त करेगा।

ओ ई सी एफ ठेके के मूल्य के 1/10 प्रतिशत (0.1 प्रतिशत) मूल्य के बराबर धनराशि प्राप्त करने पर वचनबद्धता पत्र जारी करेगा। यह धनराशि ओ ई सी एफ द्वारा स्वयं ऋण/निधियों में से चुकाई जायेगी। ओ ई सी एफ या सहायता लेखा नियंत्रक वित्त मंत्रालय से भुगतान की सूचना प्राप्त होने पर आयातक को वचनबद्धता पत्र के खर्चों के तुल्य धनराशि सरकारी लेखे में जमा करनी होगी। ओ ई सी एफ को भुगतान की तिथि से रुपया जमा करने की तिथि तक (दोनों तिथियां शामिल करके) का ब्याज भी आयातक को प्रचलित दर पर चुकाना होगा।

आयातक द्वारा प्रतिपूर्ति क्रियाविधि के तहत भी 0.1 प्रतिशत का इसी प्रकार का खर्चा चुकाया जायेगा।

5(4) साखपत्र खोलने, उसके अधीन लेन देन करने और विदेशी संभरक के बैंकर के प्रभार, यदि कोई हो, के लिये बैंक आफ इंडिया टोकियो को बैंकिंग प्रभार आयातक/विदेशी संभरक द्वारा वहन किए जायेंगे।

आयातकों द्वारा आयातों के लागत के भुगतान की तिथि से ओ ई सी एफ द्वारा विदेशी संभरक को अदायगी की तिथि तक की अवधि के लिये गणना करके बैंक आफ इंडिया, टोकियो को देय ब्याज प्रभार का भारत सरकार के लेखे को प्रभारित किये बिना सामान्य बैंक प्रणाली के माध्यम से भारत में सम्बद्ध आयातकों के बैंक द्वारा बैंक आफ इंडिया, टोकियो को धनप्रेषण करके भुगतान किया जायेगा।

5(5) प्रतिपूर्ति क्रियाविधि

भारतीय संभरकों से माल और सेवाओं की खरीद के लिये ऋण की रकम की प्रतिपूर्ति के लिये क्रियाविधि ऋण समझौते की प्रतिपूर्ति क्रियाविधि के अनुसार होगी।

खंड-6 रुपया निक्षेप करने के लिए उत्तरदायित्व

6(1) बैंक आफ इंडिया, टोकियो संगत प्राधिकार पत्र के परिशिष्ट में संकेतित अनुसार आयातक के प्राधिकृत बैंकर को परक्राम्य पोत परिवहन दस्तावेज भेजेगा तथा बैंकर सुनिश्चित करेगा कि रुपया अनिवार्य रूप से पोत दस्तावेज रिलीज होने से पहले भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली या भारतीय स्टेट बैंक तीस हजारी दिल्ली में जमा कर दिया गया है। विदेशी संभरक को किए गए येन भुगतान के समतुल्य रुपये पर ब्याज प्रभार की दर प्रथम 30 दिन के लिए 12 प्रतिशत है और अधिक अवधि के लिए 18 प्रतिशत प्रतिवर्ष है पर विदेशी संभरक को बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा भुगतान की तिथि से वास्तविक रूप से रुपया जमा करने की तिथि तक का हिसाब लगाकर ब्याज सार्वजनिक सूचना सं. 31-आई टी सी (पी एन)/83, दिनांक 10-8-1983 के अनुसार मूल भुगतान के साथ-साथ ब्याज प्रभार भी सरकारी लेखे में जमा करना है। यह भी नोट किया जाए कि ब्याज दोनों दिनों के लिए अर्थात् जिस दिन विदेशी संभरक को भुगतान किया जाता है और जिस दिन सरकारी लेखे में रुपया जमा किया जाता है, देय है। देखिए सार्वजनिक सूचना सं. 103-आई टीसी (पी एन)/76 दिनांक 12-10-76 और सार्वजनिक सूचना सं. 31-आई टी सी (पी एन)/83 दिनांक 10-8-83 द्वारा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं. 74-आई टी सी (पी एन)/74, दिनांक 31-5-74।

संभरक को किए जाने वाले भुगतानों की राशि और तारीख का सुनिश्चय करने के लिए आयातक को अलग से व्यवस्था करनी चाहिए। बैंक आफ इंडिया, टोकियो से आयातक के बैंक द्वारा पोत-परिवहन आदि दस्तावेजों की देरी या विलम्ब से प्राप्ति को, या निक्षेप पर लगने वाले ब्याज की आंशिक या पूर्ण धनराशि को पूर्ण करने का कारण नहीं माना जाएगा।

विदेशी संभरक को किए गए येन भुगतान के समतुल्य रुपये की गणना करने के लिए अपनायी जाने वाली विनिमय की दर भुगतान की तारीख को लागू विनिमय की वह मिश्रित दर होगी जो सार्वजनिक सूचना सं. 113-आई टी सी (पी एन)/88-91 दिनांक 6-4-89 में निर्धारित तरीके के अनुसार निश्चित की गई हो अथवा जो मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से या भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से सरकार द्वारा समय-समय पर घोषित की गई हो।

इस संबंध में और ब्याज की दर के संबंध में भी जब भी कोई परिवर्तन आवश्यक होगा अधिसूचित कर दिया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की जिम्मेवारी होगी कि देय धनराशि आयातक को आयात दस्तावेज सौंपने से पहले सरकारी खाते में ठीक प्रकार से जमा कर दी गई है। आयातक को भी यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि देय धनराशि अपने बैंकरों से दस्तावेज लेने से पहले सरकारी खाते में ठीक प्रकार से जमा कर दी गई है। यह सुनिश्चित करने के लिए आयातक को तब भी जिम्मेवार होगी जब वे विशेष परिस्थितियों के अंतर्गत सीमाशुल्क प्राधिकारियों से माल की सुपुर्दगी लेने से पहले जमा नहीं कर पाता। यदि माल की सुपुर्दगी लेने से पूर्व आयातक सरकार को देय धनराशि जमा कराने में असफल रहता है, तो आगे के लिए उसे प्राधिकार पत्र बन्द कर दिया जाए और मामले की रिपोर्ट मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को दी जाए ताकि ऐसे आयातक को आगे और आयातक लाइसेंस जारी न किए जाए। जिस लेखा शीर्ष में उपर्युक्त रुपया निक्षेप किया जाएगा वह "के डिपाजिट्स एंड ऐडवांसिज" --843-- सिविल डिपाजिट्स-डिपाजिट्स फार रपेजिज एटसेट्रा अब्राड-परचेज अण्डर क्रेडिट्स/लोन एग्रीमेंट्स" लोन फ्रोम दि गवर्नमेंट आफ जापान 2000 बिलियम येन क्रेडिट सं. आई डीपी-30 फार दी कोलाघाट थर्मल पावर स्टेशन फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन प्रोजेक्ट (इंजीनियरी सर्विसेज) होना चाहिए।

6(2) चालान के बाएं कोने में कोड सं. 5130000009 दर्शाते हुए उपर्युक्त धनराशि या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इंडिया तीस हजारी, दिल्ली में सरकार के क्रेडिट में नकद जमा होनी चाहिए जैसा कि सार्वजनिक सूचनाओं सं. 184-आई टी सी (पी एन) 68 दिनांक 30-8-1968, सं. 233-आई टी सी (पी एन)/68 दिनांक 24-10-1968 सं. 132-आई टी सी (पी एन)/71 दिनांक 5-10-1971,

सं. 74-आई टी सी (पीएन) 74, दिनांक 31-5-1974 और सं. 103-आई टी सी (पीएन) 76, दिनांक 12-10-1976 में निर्दिष्ट है।

6(3) सरकार वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा ऐसी मांग किए जाने के बाद सात दिनों के अंदर संबंद्ध भारतीय बैंक भी उपर्युक्त निर्धारित तरीके से वह अतिरिक्त धनराशि सेवा प्रभारों के निमित्त भेजेंगे जो वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा मांगी जाए। चालान के विभिन्न कालमों को भरते समय आयातकों/उनके बैंकरों को इस बात को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि सार्वजनिक सूचना सं 132-आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 5-10-1971 के पैरा 2 में निर्धारित सूचना चालान के कालम "धन प्रेषण और प्राधिकारी (यदि कोई हो के पूर्ण ब्यौरे)" में निरपवाद रूप से निर्दिष्ट की गई है। खजाना चालान में निम्नलिखित ब्यौरे निरपवाद रूप से प्रस्तुत करने चाहिए :—

(क) वित्त मंत्रालय की प्राधिकार पत्र (ए. पी.) की संख्या और दिनांक

(ख) येन मुद्रा की वह धनराशि जिसके संबंध में अपनाई गई परिवर्तन की दर के साथ निक्षेप किए जाने हैं।

(ग) विदेशी संभरक को भुगतान करने की तिथि।

तत्पश्चात् सी.ए.ए.एंड ए. द्वारा जारी किए गए भुगतान प्राधिकार पत्र का संदर्भ देते हुए और बीजक तथा पोत-परिवहन दस्तावेजों की प्रतियों का संलग्न करते हुए खजाना चालान रुपया जमा करने की साक्ष्य देते हुए पंजीकृत डाक द्वारा सी.ए.ए. एंड ए को भेजा जाना चाहिए।

टिप्पणी : भारत में आयातक के बैंक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रुपये का निक्षेप बैंक आफ इंडिया टोकियो से अदायगी की सूचना और विनिमय पौतलदान दस्तावेजों की प्राप्ति 10 दिनों के अन्दर निरपवाद रूप से किया जाना चाहिए और यह कि इसके तत्काल बाद सी.ए.ए. एंड ए. वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), दिल्ली को सूचित कर दिया जाएगा।

6(4) भारत में संबंद्ध बैंक को लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति पर रुपया निक्षेपों की धनराशि का पृष्ठांकन करना चाहिए और अपेक्षित "एस" प्रपत्र भारतीय रिजर्व बैंक, बम्बई को भेजी जानी चाहिए।

खंड-7 विविध प्रावधान

7(1) अनुदान सहायता के उपयोग की रिपोर्ट

भुगतान के लिए प्राधिकार पत्र जारी होने के बाद आयातक को पौतलदानों और उसके अधीन किए गए भुगतानों के संबंध में और जो पौतलदानों होना बाकी है, उनके विषय में एक मासिक रिपोर्ट सी.ए.ए.एण्ड ए आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, जनपथ भवन, जनपथ, नई दिल्ली को भेजना चाहिए।

7(2) विशेष शर्त के बारे में संभरकों को अधिसूचित करना

आयातक को चाहिए कि वह इस अनुदान सहायता के अंतर्गत माल में संबंधित किसी ऐसी विशेष शर्त में संभरक को अवगत कराएं जो समझौते का पालन करने में संभरकों पर प्रभावी डालती हों।

7 (3) विवाद

यह समझ लेना चाहिए कि आयातक और संभरकों के बीच में यदि कोई विवाद होगा तो उसके लिए भारत सरकार कोई उत्तरदायित्व नहीं लेगी। बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा भुगतानों से पूर्व संभरक द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें साफ-साफ "भुगतानों के नियमों" अनुबंध-2 में आयातक द्वारा दर्शायी जानी चाहिए। विवादों से निपटने की शर्तें ठेके की शर्तों में शामिल होनी चाहिए।

7(4) भावी अनुदेश

आयात लाइसेंस या उसके संबंध में उठने वाले किसी या सभी मामलों में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों, निदेशों या आदेशों का तथा जापान विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (ओ.ई.सी.एफ.) के साथ येन क्रेडिट समझौता परियोजना सहायता सं. आई डी पी-70 के अंतर्गत सभी दायित्वों का आयातक को तुरंत पालन करना होगा।

7(5) अतिक्रमण और उल्लंघन

उपर्युक्त खंडों में निर्धारित की गई शर्तों के अतिक्रमण या उल्लंघन करने पर आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्यवाही की जाएगी।

7 (6) अनुबन्धों की सूची

1.	अनुबंध-1	पात्र स्रोत देशों की सूची
2.	अनुबंध-2	प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए अनुरोध
3.	अनुबंध-3	प्राधिकर पत्र का प्रपत्र
4.	अनुबंध-4	साखपत्र का प्रपत्र (आयातों के लिए लागू)
5.	अनुबंध-5	साखपत्र का प्रपत्र (सेवाओं के लिए लागू)

पात्र स्रोत देशों की सूची उपाबन्ध-1

क. विकासशील देश और क्षेत्र

(क-1) विदेश आर्थिक सहयोग से भिन्न विकासशील देश

1. अफ्रीका, उत्तरी सहारा
मिश्र
मोरक्को
तुनीशिया

2. अफ्रीका, दक्षिणी सहारा
अंगोला,
बेनिन
बोतस्वाना
बुरुंडी
केमरोन
केप वर्डे द्वीप
मध्य अफ्रीका गणतंत्र
चाड
कोनारो आइलैण्ड
कांगो, दाहाने का गणतंत्र
इक्वेटोरिल गिनी (।)
इथोपिया
जाम्बिया
घाना
गिनी
आइवरी कोस्ट
केन्या
केन्या
लेसोथो
लाइबीरिया
मालागासी गणतंत्र
मालावी
माली
मारिटिनिया, मारिशस
मोजांबिक

(1) फरनाडो पी-ओ द्वीप सहित स्पेन गिनी का प्रदेश।

सेंट हेलना और डेप (2)
साओ टोमों और प्रिंसिपल
सेनेगल
सेचिल्लीज
सीयरे लिओन
सोमालिया
सूडान
स्वाजीलैण्ड
टेरो, अफर्स और इलास
टोगो
यूगांडा
तंजानिया गणतंत्र संघ
अपर वोल्टा
जाइ गणतंत्र
जाबिया

3. अमरीका उत्तरी और केन्द्रीय
बहामारा
बरमूडा
बारबडोस
बेली
कोस्टारिका
क्यूबा
डामिनिकन गणतंत्र
एल सल्वाडोर
गुडालपे
ग्वाटेमाला
हैटी
होंडूरस
जमैका
मारटनिको
नाईजर
पुर्तगाली गिनी
रियुमियन
रोडेशिया
रवान्डा
मैक्सिको
नीदरलैण्ड ऐन्टीलीज
निकारागुआ
पनामा
सेंट पियरी और मिक्यूलोन
ट्रिनिडाड और टोबागो

वेस्टइंडीज (शाखा) एन. अर्थात्
(क) सह-संबंध राज्य (1)
(ख) आश्रित (2)

4. दक्षिणी अमेरिका
अर्जेन्टीना
बोलिविया
ब्राजील
चिली
कोलम्बिया
फाल्क लैण्ड द्वीप समूह
फ्रांस गिनी
गुयाना
पराग्वे
पीरु
सुरिनाम

5. मध्य पूर्वी एशिया
बहरीन
इजराईल
जोर्डन
लेबनान
ओमान
सिरियाई अरब गणतंत्र
यूनाइटिड अरब अमिरात (3)
यमन अरब गणतंत्र
यमन जनवादी गणतंत्र (4)

6. दक्षिण एशिया
अफगानिस्तान
बंगलादेश
भूटान
बर्मा
भारत
मालद्वीप
नेपाल
पाकिस्तान
श्रीलंका

7. सुदूर पूर्वी एशिया
ब्रूनी
हांग-कांग
खमेर गणतंत्र

---

(2) निम्नलिखित द्वीपों सहित :- एस्केंशियन ट्रिस्टेनडा इनएक्सेसिबल्स, नाइटिनेगेल, गफ।

(3) मुख्य, द्वीप समूह अरुबा, बोनाइरे, क्यूराकाओ, साबा सैण्ड।

3. अमेरिका उत्तरी और मध्य

(1) मुख्य द्वीप एण्टिग्वा, डोमिनिका, ग्रेनेडा, सेंट किट्स (सेंट क्रिस्टोफो) नेविस-अंगुइला, सेंट लुसिआ और सेंट विसेंट।

(2) मेन आईलैण्ड, मोन्तेसरत, संनि तुर्क और काइकोस और ब्रिटिश द्वीप समूह।

(3) अजमन, दुबई, फुजीराह, रास अलखेमाह, शरजाह और अममल क्वाईवान।

(4) अदन और विभिन्न सलतनत और अमीरात सहित।

कोरिया गणतंत्र
लोओग
मकाओ
मलेशिया
फिलीइपाइन
सिंगापुर
ताइवान
थाइलैण्ड
तिमौर
वियतनाम
वियतनाम जनवादी गणतंत्र

8 ओसिनिया
कुक द्वीप समूह
फिजी
गिल्बर्ट और इलाइस द्वीप
फ्रांसिस पोलिनेशिया (5)
नारु
न्यू केलेण्डोनिया
न्यू हैब्रिमिल (ब्र. और फ्र.)
नियु
पैसीफिक द्वीप समूह (संयुक्त राज्य) (6)
पापुआ न्यू गिनी
सोलोमन द्वीप समूह (ब्रा.)
टोंगा
वालिस और फुतूना
पश्चिमी सामोआ

9. यूरोप
साइप्रस
जिब्राल्टर
ग्रीस
माल्टा
स्पेन
तुर्की
यूगोस्लाविया

(क-2) ओ पी ई सी के सहयोगी देशों के सदस्य
अल्जीरिया
बोलिविया
लीबियाई अरब गणतंत्र
गेबोन
नाइजीरिया
इक्वेडोर
वेंजुएला
ईरान

(5) सोसाइटी आई लैण्ड्स समूह (ताहिती सहित) को शामिल करते हुए आस्ट्रल द्वीप समूह, टुआमोटू-गम्बियर ग्रुप और मारक्यूस से द्वीप समूह।

(6) पैसिफिक द्वीप का ट्रस्ट प्रदेश कारोलीन द्वीप, मार्शल द्वीप समूह और मैरिन आईलैंड्स समूह (गामा को छोड़कर)।

इराक
कुवैत
कतार
साउदी अरब
आबू-धाबी
इण्डोनेशिया

ख ओ ई सी डी के देश
आस्ट्रेलिया
बेल्जियम
कानाडा
डेनमार्क
फिनलैण्ड
फ्रांस
जर्मनी संघीय गणराज्य
ग्रीस
आइसलैण्ड
आयरलैण्ड
इटली
जापान
लक्जेमबर्ग
नीदरलैण्ड्स
न्यूजीलैण्ड
नार्वे
पुर्तगाल
स्पेन
स्वीडन
स्विटजरलैण्ड
टर्की
यू. के.
यू.एस.ए.

उपाबन्ध-2

प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए

आवेदन पत्र

दिनांक

संख्या

सेवा में

सहायक लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग,
यू. को. बैंक बिल्डिंग, प्रथम मंजिल,
पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-10001.

विषय :— येन क्रेडिट सं. या आई डी पी के लिए (परियोजना सहायता) के अन्तर्गत

——————————————————

——————को ——————का आयात

महोदय,

उपर उल्लिखित येन क्रेडिट सं. आई. डी पी ———— (परियोजना सहायता) के अधीन ————————

आयात के संबंध में ————————(बैंक का नाम) ———————— कि वही होना चाहिए, जो नीचे (त) में सम्बद्ध विदेशी संभरक के नाम साख पत्र खोलने के लिए दिया गया है के पक्ष में प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए हम आपको निम्नलिखित ब्यौरे प्रस्तुत करते हैं।

(क) भारतीय आयातक का नाम और पता।

(ख) आयात लाइसेंस की संख्या, दिनांक और मूल्य और वह तारीख जिस तक वैध है।

(ग) अधिप्राप्ति के तरीके ————————क्या वह सीधे क्रय पर आधारित है या औपचारिक खुली अन्तर्राष्ट्रीय निविदा पर आधारित है या इस मामले में कारणों सहित यह निर्दिष्ट करना चाहिए कि क्या संविदा का निर्णय उपर्युक्त तकनीकी प्रावधान के आधार पर किया गया है।

(घ) माल का संक्षिप्त विवरण।

(ङ) माल का उद्गम देश।

(च) यदि कोई हो, तो पात्र से इतर स्रोत देशों से आयातित ठेकों का प्रतिशत।

(छ) संविदा का कुल जहाज पर्यन्त निःशुल्क/लागत और भाड़ा मूल्य (येन) में।

(ज) यदि कोई हो, तो भारतीय एजेन्ट के कमीशन की धनराशि (येन में)।

(झ) वास्तविक जहाज पर्यन्त निःशुल्क / लागत और भाडा मूल्य (येन में) जिसके लिए प्राधिकार पत्र मांगा गया है।

(ञ) विदेशों के संभरकों के साथ की गई संविदा की संख्या एवं दिनांक।

(ट) विदेशी संभरक का नाम और पता।

(ठ) ये भुगतान शर्तें और संभावित तिथियां जिनको संविदा के अन्तर्गत भुगतान देय होंगे।

(ड) सुपुर्दगी को पूर्ण करने की प्रत्याशित तिथि।

(ढ) बैंक आफ इंडिया, टोकियो को भुगतान करते समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज (प्रत्येक सेट की संख्या और उनका निपटान दिखाते हुए)।

(ण) पोतलदान अनुदेश, वाहनान्तरण पार्ट / शिपमेंट की अनुमति दी गई है या नहीं, निर्दिष्ट कीजिए।

(त) भारत में आयातक के बैंक का नाम और पता।

(थ) क्या उसी लाइसेंस के अन्तर्गत संविदा (संविदाएं) कर दी गई है और जापानी प्राधिकारियों को अधिसूचित कर दिया गया है यदि हां तो ऐसी प्रत्येक संविदा की संख्या, दिनांक और मूल्य और वित्त मंत्रालय का वह संदर्भ जिसके अन्तर्गत ओ. ई. सी. एफ को अधिसूचित किया गया है।

(द) क्या साखपत्र के संचालन और रखरखाव के लिए बैंक आफ इंडिया टोकियो को देय बैंक खर्चे आयातक द्वारा या संभरकों द्वारा वहन किए जाने हैं।

(ध) आयातक द्वारा वचनबद्धता :—

"हम एतद्द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित तरीके से और दर से विदेशी संभरक को दिए गए भुगतान के समतुल्य रुपये को पूर और सही जमा करने का वचन देते हैं। प्रत्येक निक्षेप माल (आयातित सामग्री) की सुपुर्दगी लेने से पूर्व तत्काल ही जमा करा दिया जाएगा। विदेशी संभरकों के संबंधित बीजक हमारे द्वारा अनुमोदित होते ही और उनकी अदायगी करते ही विदेशी राष्ट्रीयता की सेवाओं के लिए भुगतानों के मामले में निदेश कर दिए जाएंगे। और संभरकों को भुगतान कर दिया जाएगा।

उपाबन्ध—3

(प्राधिकारी पत्र का प्रपत्र)

सं.

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
नई दिल्ली, दिनांक

सेवा में

बैंक आफ इंडिया,
टोकियो शाखा,
टोकियो (जापान)।

विषय :—येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) ऋण करार सं. आई डी सी पी ————————————————के अधीन आयात।

साखपत्र खोलने के लिए प्राधिकार पत्र जारी करना।

प्रिय महोदय,

आपके बैंक के साथ दिनांक 25-3-80 को किए गए समझौते की शर्तों के अनुसार आपको एतद्द्वारा यथा संलग्न ब्यौरे के अनुसार सर्वश्री .....के नाम में .....येन धनराशि के लिए अपरिवर्तनीय साखपत्र खोलने के लिए प्राधिकृत किया जाता है।

2. आपके बैंक द्वारा खोले गए प्रत्येक साखपत्र की प्रति आयातक के बैंक, ओ ई सी एफ भारतीय दूतावास, टोकियो और हमें पृष्ठांकित की जाए।

3. साखपत्र की शर्तों के अनुसार प्रारम्भ में संभरकों को भुगतान आपकी निधि से किया जाएगा। आप ओ ई सी एफ को आवश्यक दस्तावेज भेज कर किए गए भुगतान की प्रतिपूर्ति का दावा तत्काल करें।

4. विदेशी संभरक को अदायगी करते समय आपके द्वारा ———— (————) आयातक के बैंक के नाम व पता के मूल पोतलदान दस्तावेज (विनियम), अतिरिक्त पूर्ण दस्तावेजों के सैट के साथ तथा संभरक को की गई अदायगी के नामे डालने की सूचना, तत्काल अदायगी, यदि कोई की गई हो तो उसकी प्रति भेजें।

5. संभरक को आपके द्वारा किए गए भुगतान की तिथि से और ई सी एफ द्वारा आपको उसकी प्रतिपूर्ति की तिथि तक के बीच से समय के लिए आपको चुकाए जाने योग्य ब्याज प्रभार भारत सरकार के लेखे पर प्रभार डाले बिना सामान्य बैंकिंग स्रोतों के माध्यम से भारत में संबंधित आयातक के बैंक के साथ आपके द्वारा निर्णत किए जाएंगे। बैंकों के अन्य खर्चे जिसमें साखपत्र खोलने, रखरखाव करने और साखपत्रों के संचालन और सौदा संबंधी दस्तावेजों के संचालन से संबंधित और यदि कोई हो, तो विदेशी संभरकों के बैंक के खर्चे भी विदेशी संभरक/आयातक को ही देने पड़ेंगे और इसलिए उन्हें सीधे ही संभरक / आयातक से प्राप्त किया जाए। इस प्रकार के भुगतानों की प्रतिपूर्ति का दावा ओ ई सी एफ से नहीं किया जाएगा।

6. जैसे ही आपके द्वारा कोई भुगतान किया जाए और उसकी प्रतिपूर्ति आपको कर दी जाए तो उसकी सूचना निर्धारित पत्र में इस मंत्रालय को भेजे दी जानी चाहिए।

7. यह प्राधिकार पत्र विदेशी संभरकों के नाम में साखपत्र खोलने के लिए है। साखपत्र में बाद में किए जाने वाले संशोधन या प्राधिकार पत्र की मद्दे भविष्य में साखपत्र इस मंत्रालय से विशेष प्राधिकार प्राप्त किए बिना वैध नहीं होंगे।

8. यह प्राधिकार पत्र . . . . .तक वैध रहेगा।

9. कृपया इस करार से संबंधित सभी पत्राचार और भुगतान का उल्लेख करने वाले सूचना पत्र में इस अनुदेश पत्र के शीर्ष पर दी गई संख्या का उल्लेख करें।

भवदीय,

(लेखा अधिकारी)

प्रति निम्नलिखित को प्रेषित

1. आयातक . . . . .को उनके पत्र सं. . . . . .दिनांक के . . . . .के संदर्भ में।

उनसे अनुरोध है कि बैंकरों से विनिमय दस्तावेजों की डिलीवरी लेने से पूर्व निर्धारित दर पर और तारीख से अपने बैंकरों के माध्यम से रुपया निक्षेप राशि जमा करने का प्रबन्ध करें। यदि विशेष परिस्थितियों के कारण निर्यात की डिलीवरी सीधे ही सीमाशुल्क और पत्तन प्राधिकारियों से मूल पोतलदान दस्तावेज भेजे बिना ही प्राप्त कर ली गई हो तो डिलीवरी लेने से पूर्व ही निक्षेप किए जाने चाहिए। विदेशी राष्ट्रीकों द्वारा दी गई सेवाओं के लिए भुगतान के मामले में जैसे ही सम्बद्ध बीजक भुगतान के लिए अनुमोदित हो जाए, निक्षेप कर दिए जाएं। निक्षेप जल्दी ही और ठीक से न करने पर लाईसेंस की शर्तों में यथाउल्लिखित आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है।

2(1) आयातक के बैंकर-----------------------। यह आयात लाइसेंस सं ------------------दिनांक------------------के सन्दर्भ में है। यह प्राधिकार पत्र येन क्रेडिट के अन्तर्गत आयातों को शामिल करने वाली संबंधित लाइसेंस शर्तों के तहत जारी किया जाता है। लाइसेंस शर्तें और संबंधित सार्वजनिक सूचनाओं/आदेशों को देखें और आयात/विदेशी भुगतान करते समय उचित कार्यवाई करें।

2(2) उनसे निवेदन किया जाता है कि बैंक आफ इंडिया, टोकियो ब्रांच से दस्तावेज प्राप्त करने पर विदेशी संभरक को येन भुगतान के बराबर रुपये जमा करने की व्यवस्था करें। संभरकों को चुकाई गई धनराशि के बराबर रुपये की गणना सार्वजनिक सूचना सं. 113--आईटीसी (पीएन) 88-91 दिनांक 6-4-89 या अन्य ऐसी ही सार्वजनिक सूचना जो समय-समय पर जारी की जाए के अनुसार विदेशी संभरकों को भुगतान करने की तिथि को यथा प्रचलित परिवर्तन को निश्चित दर पर की जाएगी। संभरक को भुगतान की तिथि बैंक आफ इंडिया को प्रतिपूर्ति की तारीख और जिस तारीख को समतुल्य रुपया सरकारी खाते में जमा किया जाता है के बीच की अवधि का हिसाब लगाकर प्रथम तीस दिन के लिए ब्याज 12% प्रति वर्ष है और इससे अधिक अवधि के लिए 18% प्रति वर्ष है जिसे सार्वजनिक सूचना सं. 31-आईटीसी (पीएन) 83, दिनांक 10-8-83 के अनुसार भारत सरकार के खाते में जमा किया जाना भी आवश्यक है। ब्याज दोनों दिनों, अर्थात् विदेशी संभरक को जिस दिन भुगतान किया जाता है और जिस तारीख को भारतीय खाते में रुपया जमा किया जाता है, के लिए देय (इस दर में जब भी कोई परिवर्तन हो इसकी सूचना दी जाएगी) यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आयातक को सीमाशुल्क निकासी के लिए आयात दस्तावेजों का सेट दिए जाने से पूर्व यह धनराशि जमा का जाती है।

ये धनराशियां या तो भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली या भारतीय स्टेट बैंक, तीस हजारी में चालान के दाहिनी ओर कोड सं. 5130000009 दर्शाते हुए जमा करनी चाहिए। इस संबंध में उनका ध्यान सार्वजनिक सूचना सं. 184--आईटीसी (पीएन) 68, दिनांक 30-8-68 तथा 233--आईटीसी (पीएन) 68, दिनांक 24-10-1968, 132--आईटीसी (पीएन) 71, दिनांक 5-10-1971, सं. 74--आईटीसी (पीएन) 74 दिनांक 31-5-1974 तथा सं. 103--आईटीसी (पीएन) 76, दिनांक 12-10-1976 में दिए गए प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है। इस लेखा शीर्ष में रुपया जमा कराना है "के डिपाजिट्स एण्ड एडवांसिज---844-सिविल डिपाजिट्स-डिपाजिट्स फार परचेजिज एटसेट्रा अबरॉड अण्डर परचेजिज क्रेडिट लोन्स एग्रीमेंट्स" लोन व गवर्नमेंट आफ जापान, जिनियन येन क्रेडिट (परियोजना सहायता) सं. आई इ.पी फार 198--8 है)।

जिन मामलों में तुल्य रुपया रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी दिल्ली में सार्वजनिक सूचना सं 132--आईटीसी (पीएन) 71, दिनांक 5-10-1971 के अनुसार नकद जमा किया जाए उन मामलों में चालान की मूल रूप में एक प्रतिलिपि डाक के द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजनी चाहिए, जिसके साथ बैंक आफ इंडिया, टोकियो शाखा से प्राप्त सूचना टिप्पणियों का पूर्ण विवरण देते हुए एक अग्रेषण पत्र होना चाहिए।

सहायक लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,

वित्त मंत्रालय, (आर्थिक कार्य विभाग),

जनपथ भवन, जनपथ, नई दिल्ली।

जिन मामलों में तुल्य रुपया पर संकेतित सार्वजनिक सूचना 24-10-68 में यथा उल्लिखित दर्शनी हुण्डी द्वारा प्रेषित करना है उसकी सूचनाएं उपर्युक्त पते पर भेजी जानी चाहिए। सभी मामले में जमा किए गए तुल्य रुपये का पूरा ब्योरा इस विभाग को भेजना चाहिए।

संभरक को भुगतान करने की तिथि और ओईसीएफ द्वारा बैंक आफ इंडिया, टोकियो को उनकी अदायगी की तिथि के बीच की अवधि के लिए बैंक आफ इंडिया, टोकियो को देय ब्याज प्रभार बैंक सूत्रों के माध्यम से भारत सरकार के लेखे पर प्रभाव डाले बिना बैंक आफ इंडिया, टोकियो के साथ आपके द्वारा सीधे निर्णीत किए जाएंगे।

3. निदेशक, ऋण विभाग--2 विदेशी सहयोग निधि टाकेबाशी गोडो बिल्डिंग 4-1 ओहटेमाची--1 कोमे, चियोडा कू. टोकियो 100, जापान।

4. भारतीय दूतावास, टोकियो।

5. अवर सचिव, जापान अनुभाग, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली।

(लेखा अधिकारी)

उपाबन्ध--4

प्रपत्र ओ. ई. सी. एफ. एल. सी.-1

(अपरिवर्तनीय साखपत्र)

(माल के लिए लागू)

दिनांक

सेवा में

यह साखपत्र (ऋण) और विदेशी सहयोग निधि के बीच हुए ऋण करार सं. ------------------दिनांक------------------ के अनुसरण में जारी किया गया है।

महोदय,

हम आपको सूचित करते हैं कि हमारे नाम में भेजे गए आपके पूरे बीजक मूल्य के लिए आपके साइट ड्राफ्टों द्वारा उपलब्ध रकम या

रकमों के लिए हमने आपके पक्ष में अपरिवर्तनीय साखपत्र सं. ------ --------खोल दिया है जो ----------(अर्थात् येन) की कुल धनराशि से अधिक नहीं जिसके साथ निम्नलिखित दस्तावेजों होने चाहिए :—

हस्ताक्षरित पूर्ण आणिज्यिक बीजक, पोत परिवहन निबन्ध लदान बिल जिसमें दिए गए आदेशों का पूरा सैट हो, ब्लैंक पृष्ठांकित एवं चिन्हित "फ्रेट एवं नोटिफाई" अंकित किए हुए अन्य दस्तावेज।

जिनमें पोतलदान (माल के लदान का संक्षिप्त विवरण) को प्रमाणित करते हुए संविदा सं. ----------(यदि कोई हो) के सन्दर्भ में----------से----------तक आंशिक पोतलदान स्वीकृत है। वाहनांतरण स्वीकृत है। लदान बिल---------के बाद की तिथि का नहीं होना चाहिए। ड्राफ्ट----------तक लेन-देन के लिए अवश्य प्रस्तुत किए जाने चाहिए। इस ऋण के अन्तर्गत सभी ड्राफ्ट तथा दस्तावेजों पर "अपरिवर्तनीय साखपत्र सं. -------- दिनांक----------के अन्तर्गत आहरण किया गया और आयात सन्दर्भ सं. ----------संख्यांएं, (यदि कोई हो) अंकित होना चाहिए।

यह क्रेडिट हस्तान्तरणीय नहीं है।

हम एतद्द्वारा वचन देते हैं कि इस क्रेडिट के अन्तर्गत और इसकी शर्तों के अनुपालन में हमारे नाम में भेजे गए सभी ड्राफ्ट प्रस्तुत करने पर और आदेशितों को दस्तावेजों की सुपुर्दगी पर विधिवत् स्वीकार किए जाएंगे।

जब तक अन्यथा रूप से अल्लेख न किया जाए यह क्रेडिट "यूनिफार्म कस्टम एण्ड प्रैक्टिस फार डाकुमेंटरी क्रेडिट्स (1974 रिवीजन) इण्टरनेशनल चैम्बर आफ कामर्स, पब्लिकेशन सं० 290" के अधीन हैं।

लेन-देन करने वाले बैंक के लिए विशेष अनुदेश

1. उपर्युक्त ऋण करार के अन्तर्गत विदेशी आर्थिक सहयोग निधि द्वारा जारी किए गए वचनबद्धता पत्र की व्यवस्थाओं के अनुसार विदेशी आर्थिक सहयोग निधि से अपने भुगतान के लिए प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के बाद हम वचन देते हैं कि हम लेन-देन करने वाले बैंक द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार ड्राफ्टों की धनराशि को लौटा देंगे।

2. लेन-देन करने वाले बैंक को यह बताते हुए हमें ड्राफ्ट और दस्तावेजों का एक पूर्ण सैट और उसके साथ एक प्रमाणपत्र अवश्य भेजना चाहिए कि शेष दस्तावेज सीधे ही हवाई डाक द्वारा----- को भेज दिए गए हैं।

3. इस क्रेडिट के अन्तर्गत सभी बैंक के खर्चे आयातक/संभरक के खाते से देय हैं।

भवदीय,

( )

वाणिज्य बैंक

द्वारा----------

प्राधिकृत हस्ताक्षर

उपाबन्ध—5

प्रपत्र ओ ई सी एफ एल सी—2

अपरिवर्तनीय साख-पत्र

(सेवाओं के लिए लागू)

दिनांक

सेवा में

----------यह साखपत्र (ऋण और विदेशी आर्थिक सहयोग निधि के बीच हुए

----------ऋण करार सं. ----------

----------दिनांक ----------

के अनुसरण में जारी किया गया है।

(संभरक का नाम और पता)

प्रिय महोदय,

हम आपको सूचित करते हैं कि हमारे नाम पर पूर्ण उल्लिखित मूल्य के लिए हितधिकारी के ड्राफ्ट एट साइट द्वारा उपलब्ध रकम जिसकी कुल धनराशि----------(येन से अधिक नहीं है, के लिए आवेदक के नाम में हमने अपरिवर्तनीय साखपत्र सं. ---------- खोल दिया है।

इसमें इसके साथ संलग्न भुगतान अनुसूची के अनुसार अपेक्षित (परियोजना के संबंध में ठेका सं. ----------) से संबंधित दस्तावेज होने चाहिए। लेन-देन के लिए ड्राफ्ट----------से पहले प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

सभी ड्राफ्ट और दस्तावेजों पर "अपरिवर्तनीय क्रेडिट सं. -------- के अन्तर्गत "ड्रान" लिखा होना चाहिए।

यह क्रेडिट हस्तांतरणीय नहीं है।

हम एतद्द्वारा वचन देते हैं कि इस क्रेडिट के अन्तर्गत इसकी शर्तों का अनुपालन करके सभी ड्राफ्ट प्रस्तुत करने पर और आदेशितों को दस्तावेजों की सुपुर्दगी पर विधिवत् स्वीकार किए जाएं।

जब तक अन्यथा रूप से विस्तारपूर्वक उल्लेख न किया जाए यह क्रेडिट "यूनिफार्म कस्टम एण्ड प्रैक्टिस फार डाकुमेंटरी क्रेडिट्स (1974 रिवीजन) इन्टरनेशनल चैम्बर आफ कामर्स ब्रोशर नं. 290" के अधीन है।

लेन-देन करने वाले बैंक को विशेष अनुदेश

1. इसमें संलग्न प्रपत्र के अनुसार (ऋणी और इसके मनोनीत अधिकारी) द्वारा जारी किये गए निष्पादन के मूल विवरण की प्राप्ति के पश्चात इस क्रेडिट के अन्तर्गत भुगतान इसमें संलग्न शीट में निर्धारित भुगतान अनुसूची के अनुसार किये जाने चाहिए। प्रारम्भिक भुगतानों के मामले में उपर्युक्त निष्पादन के विवरण के बजाए हितधिकारी का विवरण अपेक्षित है।

2. ऊपर उल्लिखित ऋण समझौते के अधीन जारी किए गए वचनबद्धता पत्र के उपबन्धों के अनुसार विदेशी आर्थिक सहयोग निधि से भुगतान के लिए प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के बाद हम लेन-देन करने वाले बैंक द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार ड्राफ्टों की राशि परेषित करने का वचन देते हैं।

3. उपर्युक्त मद 1 में यथा-उल्लिखित दस्तावेजों की एक प्रति और ड्राफ्ट उनकी प्राप्ति के तुरन्त बाद ही हमें भेजें जाएंगें।

4. इस साखपत्र के अन्तर्गत बैंक के सभी खर्च आयातकों/संभरकों के खाते में देय हैं ।

भवदीय,

वाणिज्यिक बैंक

द्वारा ----------

(प्राधिकृत हस्ताक्षर)

भुगतान अनुसूची

यह भुगतान अनुसूची हमारे साखपत्र का एक अभिन्न अंग है ।

1. प्रारम्भिक भुगतान

धनराशि----------येन जो कुल संविदा मूल्य का ----------प्रतिशत है अपेक्षित दस्तावेज--------

हितधिकारी का विवरण प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख :

2. भुगतान प्रगति

सम्पूर्ण योग : धनराशि----------येन जो कुल संविदा का मूल्य----------प्रतिशत है जिसका भुगतान निम्नप्रकार से किया जाना है :-

देय धनराशि	प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि
----------	----------
पहली किस्त,----------	----------
दूसरी किस्त, ----------	----------
----------	----------

अपेक्षित दस्तावेज : (ऋणी अथवा उसके मनोनीत प्राधिकारी) द्वारा जारी किए गए निष्पादन विवरण की एक प्रति जिसका एक प्रपत्र संलग्न है ।

निष्पादन का विवरण

दिनांक

सन्दर्भ

सेवा में

(संभरक का नाम और पता)

सन्दर्भ :- ऋण करार सं.----------के अन्तर्गत---------- परियोजना से संबंधित----------के नाम के--------- येन के लिए----------द्वारा जारी किए गए साखपत्र की संख्या----------दिनांक---------- (ऋणी) का प्रतिनिधित्व करते हुए मैं अधोहस्ताक्षरी, और ----------के बीज संविदा सं.---------- ----------दिनांक------में निहित भुगतान की शर्तों के अनुसार विदेशी आर्थिक सहायता निधि द्वारा-------- ---------येन की धनराशि)----------येन मात्र) प्राप्त करने के लिए ----------को प्राधिकृत करने के लिए निष्पादन विवरण जारी करता है ।

(ऋणी)

द्वारा ----------

(प्राधिकृत हस्ताक्षर)

विशेष अनुदेश :- वास्तविक निष्पादन का विवरण इसमें संलग्न पत्र में दर्शाया जाएगा ।

भुगतान शर्तें

यह भुगतान शर्तें हमारे साखपत्र सं.---------- का एक अभिन्न अंग है ।

1. प्रारम्भिक भुगतान

धनराशि ----------

कुल संविदा मूल्य का ----------प्रतिशत है ।

अपेक्षित दस्तावेज :

प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :

2. मध्यस्थ भुगतान (यदि कोई हो)

धनराशि ----------

कुल संविदा मूल्य का ---------- प्रतिशत है

अपेक्षित दस्तावेज :

प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :

3. पोत परिवहन दस्तावेजों के मद्दे भुगतान

धनराशि----------

कुल संविदा मूल्य का ----------प्रतिशत है ।

टिप्पणी :- यह संलग्न शोट पोत परिवहन दस्तावेजों के मद्दे पूर्ण भुगतान के मामलों में अपेक्षित नहीं है ।

MINISTRY OF COMMERCE

(Import Trade Control)

Public Notice No. 175-ITC(PN)/90-93

New Delhi, the 9th July, 1991

SUBJECT : Licensing conditions in respect of import of equipment and services under the Yen Credit of Yen Credit Loan No. ID-P. 70 dated 27-3-1990 of Yen 0.171 Billion for implementation of the Kolaghat Thermal Power Station Fly Ash Utilization Project (Engg. Services) Extended by the Overseas Economic Cooperation Fund (OECF) of Japan.

File No. IPC/23(76)/90-93.—The terms and conditions governing the licensing conditions in respect of import of equipment and services under the Yen Credit of Yen Credit Loan No. ID-P.70 dated 27-3-1990 of Yen 0.171 Billion for implementation of the Kolaghat Thermal Power Station Fly Ash Utilization Project (Engg. Services) Extended by the Overseas Economic Cooperation Fund (OECF) of Japan, are contained in the Appendix to this public notice and are notified for information.

D. R. MEHTA, Chief Controller of Imports & Exports

APPENDIX TO THE MINISTRY OF COMMERCE
Public Notice No. 175 ITC(PN)/90-93, dated 9-7-1991

LICENSING CONDITIONS IN RESPECT OF IMPORT OF EQUIPMENT AND SERVICES UNDER THE YEN CREDIT OF YEN CREDIT LOAN NO. ID-P.70 DATED 27-3-90 OF YEN 0.171 BILLION FOR IMPLEMENTATION OF THE KOLAGHAT THERMAL POWER STATION FLY ASH UTILIZATION PROJECT (ENGG. SERVICES) EXTENDED BY THE OVERSEAS ECONOMIC COOPERATION FUND (OECF) OF JAPAN

Section I—General Conditions.

I(i) The Yen Credit of Yen 0.171 billion extended by the Overseas Economic Cooperation Fund of Japan (OECF) for financing the import requirements of the KOLAGHAT THERMAL POWER STATION FLY ASH UTILIZATION PROJECT (ENGG. SERVICES) in favour of Japan and developing countries including India and all member countries of OECD. Accordingly the goods and services to be procured under this credit can be procured from Japan and all countries (including India) enumerated in the list at Annexure-I which will be eligible source countries under the credit.

I(ii) Import Licence(s) under the Credit can be issued only for such items and for such value as have been specifically cleared by the DGTD/CG Committee. The value of import licence(s) issued under this credit should not exceed Yen 0.188 billion (CIF).

The rupee value of the import licence shall be determined with reference to the Exchange rate notified by the Department of Revenue (Customs) and prevailing on the date of issue of the import licence and indicated in the body of the import licence(s) as per para 2 of the Public Notice No. 78-ITC(PN)/74 dated the 6th June, 1974, is led by the CCI&E, which also enjoins that the Customs Authorities and the authorised dealers in foreign exchange will make debits to the value of the licence(s) at the exchange rate specified on the import licence(s). The licence will bear the superscription "Japanese Yen Credit No. ID-P.70". The first and second suffix to the licence code will be "S/JC". This will also be repeated in the letter from CCI&E forwarding the import licence to West Bengal Power Development Corporation Ltd. a copy of which should be endorsed to the Ministry of Finance Department of Economic Affairs. (Japan Section).

I(iii) Import licence(s) can be issued only in favour of West Bengal Power Development Corporation Ltd.

